

## सुहाना खान की बर्थडे PICS देख बेस्ट फ्रेंड अनन्या ने पूछा सवाल

बॉलिवुड के किंग कहे जाने वाले शाहरुख खान और गौरी खान की बेटी सुहाना खान 22 साल की हो गई हैं। उन्होंने अभी अपना 22वां जन्मदिन धूमधाम से सेलिब्रेट किया है। मंगलवार 24 मई को इंस्टाग्राम पर सुहाना ने अपने बर्थ डे की ढेर सारी तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं। इसमें उनकी दोस्त खुशी कपूर और अगस्त्या नंदा भी दिखाई दे रहे हैं। सेलिब्रेशन ऊंटी में हुआ है, जहां खूब मस्ती–धमाल किया गया है। सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सुहाना ऑरेंज कलर की ड्रेस में पोज दे रही हैं। कुछ फोटोज उनके रूम की है, जिसे बड़ी खूबसूरती के साथ सजाया गया है। वहीं, कुछ में वह अपने आर्चीज को–स्टार्स के साथ कैमरे के सामने दिखाई दे रही हैं। वहीं लाल रंग के गुलाब से लेकर कलरफुल बुकेइ सुहाना के रूम की रौनक बढ़ा रहे हैं। इन चार–पांच फोटो को पोस्ट करने के साथ–साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा, 22/22. इसका मतलब कि वह साल 2022 में पूरे 22 साल की हो चुकी हैं। सुहाना के इस पोस्ट पर सभी उनके चाहने वाले रिएक्ट कर रहे हैं।

## तारक मेहता में दयाबेन बनकर अब कभी नहीं आएंगी दिशा वकानी


सोनी सब का सबसे फेमस शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा हर किसी को पसंद है। बच्चे से लेकर बड़े–बूढ़े इसे बड़े चटकारे के साथ देखते हैं। 2008 से शुरु हुए इस शो को 14 साल का समय बीत चुका है। लेकिन एंटरटेनमेंट में मेकर्स ने कोई कमी नहीं छोड़ी। आज भी शो की टप्पू सेना की मस्ती और जेठालाल–बापूजी की नोंक–झोंक खूब अच्छी लगती है। हालांकि इस शो से कई लोगों ने अलविदा कह दर्शकों को मायुस भी किया है। कुछ दिन पहले तारक मेहता बने शैलेश लोढ़ा ने जाने की खबर आई थी। फिर बबीता जी फेम मुनमुन दत्ता के भी शो को छोड़कर जाने की अफवाह उड़ी थी। हालांकि इन सब दुखभरी रिपोर्ट्स के बीच एक गुड न्यूज भी सुनाई दी थी। वो ये कि शो की जान दयाबेन वापसी कर रही हैं। इस पर खुद प्रड्यूसर असित कुमार मोदी ने मुहर लगाई है। लेकिन... लेकिन... लेकिन.. दिशा वकानी शो का हिस्सा नहीं होंगी। हालांकि कई बार उनके शो में आने की खबरें सुनाई दी थीं। लेकिन वह मौका कभी आया नहीं और न मेकर्स उनके जैसा कोई इस बीच तलाश पाए। लेकिन दर्शक अब यही उम्मीद जता रहे हैं जो भी दयाबेन का रोल करे, वह दिशा वकानी के जितना ही बढ़िया करे।

## शोएब इब्राहिम ने मुंबई में मां के लिए खरीदा नया घर



शोएब और दीपिका हाल ही म्यूजिक वीडियो रब ने मिलाई धड़कन में नजर आए थे। हाल ही इस गाने ने यूट्यूब पर 1 करोड़ व्यूज पार किए हैं। इसी का जश्न मनाने के लिए शोएब और दीपिका ने एक वीडियो बनाया और उसी में नए घर के बारे में बताया। शोएब इब्राहिम और दीपिका पादुकोण का मुंबई में पहले से ही एक घर है। जिस बिल्डिंग में दोनों रह रहे हैं, उसी बिल्डिंग में उन्होंने नीचे वाला फ्लैट खरीदा है। वीडियो में शोएब इब्राहिम कहते हैं कि वह 2009 में मुंबई आए थे और अब 2022 में उनका घर लेने का सपना पूरा हो गया है। शोएब इब्राहिम ने कहा, मैं मुंबई में एक नया घर ले रहा हूं, अपने नाम से। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि घर मैंने मां के लिए लिया है। हर आदमी का सपना होता है कि वह एक दिन अपना घर खरीदे, जिसके बाहर उसकी नेमप्लेट लगे। मैं काफी वक्त से घर लेना चाहता था, लेकिन अन्य जिम्मेदारियों के कारण ऐसा हो नहीं सका। लेकिन अब चीजें अच्छी हैं। मेरी बहन भी लाइफ में आगे बढ़ रही है। वहीं नए घर को लेकर दीपिका कक्कड़ ने कहा, जिस बिल्डिंग और फ्लैट में हम रह रहे हैं, वह मैंने खरीदा था। जब शोएब ने अम्मी और फैमिली को मुंबई शिफ्ट करवाया तो हमारे फ्लैट के नीचे वाला फ्लैट किराए पर था। वो हमने ले लिया।

# बॉक्स ऑफिस पर महाफ्लॉप फिल्म निकली धाकड़



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*कंगना रनौत की फिल्म धाकड़ बॉक्स ऑफिस पर बॉलिवुड की सबसे बड़ी डिजास्टर साबित हुई है। इस फिल्म को पहले दिन से ही सिनेमाघर में दर्शक नसीब नहीं हो रहे हैं। आलम यह है कि मल्टीप्लेक्स से लेकर सिंगल स्क्रीन थिएटर्स में शोज कैंसल हो रहे हैं। मुंबई के मशहूर मराठा मंदिर में फिल्म एक शो में चल रही थी, जिसे अब हटा दिया गया है। उसकी जगह कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 दिखाई जा रही है। टिकट खिड़की पर चौथे दिन फिल्म की कमाई गर्त में चली गई है। इस फिल्म ने अपने पहले सोमवार को महज 30 लाख रुपये की कमाई की है। जबकि चार दिनों में कुल कमाई महज 3.57 करोड़ रुपये है। इसके उलट शुक्रवार को ही रिलीज भूल भुलैया 2 ने चार दिनों में 65.25 करोड़ रुपये की कमाई है।*

रजनीश घई के डायरेक्शन में बनी धाकड़ में कंगना रनौत ने एजेंट अग्नि का किरदार निभाया है। फिल्म में उनके साथ अर्जुन रामपाल और दिव्या दत्ता जैसे ऐक्टर्स हैं। लेकिन थिएटर्स में फिल्म का आलम यह है कि अधिकतर सिनेमाघरों में या तो गिने–चुने दर्शक दिख रहे हैं या फिर शोज कैंसल हो रहे हैं। देश में वैसे भी हिंदी पर्दे पर फीमेल ऐक्शन हीरो की बहुत कम फिल्में ही सफलता का स्वाद चखती हैं। साल 1992 में आई फूल बने अंगारे बहुत बड़ी हिट साबित हुई थी। उस फिल्म में रेखा लीड रोल में थीं। लेकिन उसके बाद शायद ही कोई फिल्म वैसा दम दिखा पाई है।

**100 करोड़ में बनी है धाकड़**

धाकड़ का बजट 100 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। ऐसे में फिल्म



जिस हिसाब से कमा रही है, यह लाइफटाइम 10 करोड़ भी कमा ले तो गनीमत है। ऐसे में फिल्म को हुए घाटे का अंदाजा लगाया जा सकता है। धाकड़ की कमाई ओपनिंग डे से ही बेकार रही है। शनिवार और रविवार को कमाई बढ़ने की बजाय घट गई। इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर शुक्रवार को 1.25 करोड़ रुपये कमाए थे। शनिवार को कमाई घटकर 1.05 करोड़ रुपये हो गई। जबकि रविवार को कमाई महज 97 लाख रुपये थी। अब सोमवार को कमाई का आंकड़ा 30 लाख है। फिल्म किस हद तक पिटी है, इसका अंदाजा घटती कमाई की रफ्तार को देखकर लगाया जा सकता है।

**कंगना को लगातार 8वां झटका**

धाकड़ की बुरी तरह फ्लॉप होना कंगना रनौत के करियर के लिए भी बड़ा झटका है। कायदे से देखा जाए तो साल 2015 में आई तनु वेड्स मनु रिटर्न्स के बाद कंगना की कोई भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर पाई है। इसके बाद रिलीज कट्टी बट्टी, रंगून, सिमरन, मणिकर्णिकाःद क्वीन ऑफ झांसी, जजमेंटल है क्या, पंगा, थलाइवी और अब धाकड़ लगातार 8वां झटका है। इनमें से हर फिल्म का हाल यही रहा कि वह अपनी लागत भी नहीं निकाल पाई।

# 49 साल पुराना सच, जिसपर सभी ने साध रखी है चुप्पी

*रेखा। घने लंबे बाल... गहरी आंखें और लबों के पास काला तिल। जिनकी जिंदगी ऊपर से जितनी हसीन, अंदर से उतनी ही उथल–पुथल से भरी। फिर वो विनोद मेहरा संग शादी के चर्चे हों या फिर अमिताभ बच्चन संग आशिकी की खबरें, रेखा की जिंदगी हमेशा सवालों से घिरी रही, लेकिन सालों पहले उन्होंने इन सब बातों पर चुप्पी तोड़ी थी। आइये जानते हैं कि 49 साल पुराने सच के बारे में।*



**विनोद मेहरा संग शादी पर रेखा का रिएक्शन**

रेखा और विनोद मेहरा। 70 के दशक में विनोद मेहरा ऐसे ऐक्टर थे, जिन्हें देखने के लिए लोग तरसते थे। एक तरफ जहां उनकी फिल्में पसंद की जा रही थीं तो दूसरी तरफ उनकी निजी जिंदगी भी चर्चा में थी। बताया जाता है कि रेखा और विनोद रिलेशनशिप में थे। ये भी दावा किया जाता है कि 1973 में दोनों ने शादी भी की थी। जब ये सवाल रेखा से पूछा गया तो वो चौंक गईं। उन्होंने इससे साफ इनकार करते हुए कहा था कि ये सच नहीं है। उन्होंने कहा, कोई भी कुछ भी बोल सकता है। मेरे लिए ये जरूरी नहीं है, इसलिए मैं इस पर कुछ भी कहना नहीं चाहूंगी।श उन्होंने आगे कहा, वो हमेशा मेरे शुभचिंतक रहे और वो मेरे बहुत बहुत करीब थे।

**अमिताभ बच्चन संग जुड़ा नाम**

वैसे तो रेखा जब 1 साल की थीं, तभी ऐक्टिंग की दुनिया में कदम रख लिया था, लेकिन जब वो 13 साल की हुईं, तब पूरी तरह से काम करना शुरू कर दिया था, क्योंकि उनकी मिली की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, इसलिए वो दिन–रात काम में जुटी रहीं। उनका सबसे ज्यादा नाम अमिताभ बच्चन से जोड़ा गया। इन दोनों के बारे में दुनियाभर की कहानी बनाई गई, लेकिन रेखा ने बताया था कि सच क्या है।

**बेइंतहा मोहब्बत करती थीं रेखा**

रेखा ने सरेआम कुबूल किया था कि वो अमिताभ बच्चन से सबसे ज्यादा मोहब्बत करती थीं। दोनों की पहली मुलाकात पहली फिल्म दो अनजाने (1976) में हुई थी। रेखा ने बताया था कि वो अमिताभ से सीनियर थीं, लेकिन उनके सामने ऐक्टिंग करते समय वो नर्वस हो जाती थीं। वो उनके काम से बहुत प्रभावित थीं। एक बार तो वो अपनी लाइन याद नहीं कर पा रही थीं तो अमिताभ ने उनसे कहा था, सुनिये कम से कम डायलॉग याद कर लीजिएगा।